5399(E)
7/8/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 06.08.2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, बक्सर के अन्तर्गत Improvement of Approach Road to Buxar Engineering college for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–24.07.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2475 दिनांक–24.07.2026 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2524(अनु०) दिनांक–29.07.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–29.07.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Improvement of Approach Road to Buxar Engineering college for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, बक्सर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹468.65 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–8195(S) दिनांक–25.09.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹416.84 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–3565(अनु०) दिनांक–27.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹395.99201 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 03 (Three) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 21.05.2026 |

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकल निविदाकार द्वारा भाग लेने के कारण निविदा रद्द की गयी थी। दूसरी बार आमंत्रित निविदा में किसी भी निविदाकार द्वारा सफल नहीं पाये जाने के कारण निविदा रद्द की गयी थी।

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 06 (छः) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Surendra Singh
(2) M/s Mehandiya Construction Private Limited
(3) Abhinash Kumar
(4) Prabhway Geo Infra
(5) Aradhna Enterprises
(6) M/s Raj Narayan Singh

4. दिनांक–24.07.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदा में भाग लेने वाले छः निविदाकारों में से सभी निविदाकार यथा (1) Surendra Singh को SBD के ITB-Cl.4.5 (A)(C) के तहत् (2) M/s Mehandiya Construction Private Limited को SBD के ITB-Cl.4.7 एवं NIT की कंडिका–38 के तहत् (3) Abhinash Kumar को SBD के ITB-Cl.4.7 एवं NIT की कंडिका–38 के तहत् (4) Prabhway Geo Infra को NIT की कंडिका–10 एवं SBD के ITB-Cl. 4.7 के तहत् (5) M/s Aradhna Enterprises को SBD के ITB-Cl. 4.5 (A)(C) एवं बिना पत्रांक दिनांक वाले अनुभव प्रमाण पत्र Upload करने के कारण SBD के ITB-Cl. 4.8 के तहत् एवं (6) M/s Raj Narayan Singh को SBD के ITB-Cl. 4.5 (A)(C) के तहत् असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

5. उपभागीय पत्रांक–2475 दिनांक–24.07.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–24.07.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Abhinash Kumar के पत्रांक–शून्य दिनांक–26.07.2026 एवं (2) M/s Mehandiya Construction Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–27.07.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2524(अनु०) दिनांक–29.07.2026 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गयी है।

**परिवाद** :– उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Abhinash Kumar के Ref.-शून्य दिनांक–26.07.2026 द्वारा एवं (2) M/s Mehandiya Construction Private Limited के Ref.-शून्य दिनांक–27.07.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Abhinash Kumar | उपरोक्त संबंध में कहना यह है कि उक्त निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के कंडिका–4.2 के (iii) निविदाकार Abinash Kumar के द्वारा निविदा के साथ Upload किये गये Existing Commitment and Ongoing authority से Counter signed नहीं है का आरोप लगा कर निविदा के तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया है। जबकि मेरे द्वारा Existing Commitment and Ongoing दिया गया है।<br>ज्ञातव्य हो कि मौजूदा प्रतिबद्धता(Existing Commitment) का अर्थ है वर्तमान समय में पहले से मौजूद कोई जिम्मेदारी, वादा या काम जिसे पूरा करने के लिए आप पहले से ही पाबंद या वचनबद्ध है। SBD के कंडिका–4.7 Bidders who meet the minimum qualification criteria will be qualified only if there available bid capacity is more than the total bid value मेरा Ongoing work घटाकर बीड Value 42810676.25 है। जबकि | NIT की कंडिका–38 में अंकित किया गया है कि As per SBD Cl. ITB 4.7 "The Statements showing the value of existing commitments and ongoing works as well as the stipulated period of completion on remaining for each of the works listed should be countersigned by the Engineer in charge not below the rank of an Executive Engineer or equivalent" जिसके कारण Existing Commitment and Ongoing Works का Clarification की माँग नहीं की गयी है।<br>अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | SBD के कंडिका–4.7 में Bid value 396.99201 होना अनिवार्य है। SBD के कंडिका 4.7 में Note: Bid capacity ongoing पर कार्यपालक अभियंता या समकक्ष अभियंता का हस्ताक्षर होना चाहिए। जबकि मेरे द्वारा अपलोड बीड कैपिसीटी को कार्य संबंधित विभाग द्वारा ईमेल से भेजकर सत्यापन कराया जा सकता था।<br>SBD के सभी कंडिकाओं का भली भांति अवलोकन करके निविदा के अनुरूप सभी आवश्यक कागजात अपलोड किया गया है। किसी भी निविदा के निष्पादन में तकनीकी बीड का मूल्यांकन आवश्यक नियमों का अनुपालन करने का प्रावधान होता है। विकास को प्रगति देना अतिआवश्यक होता है। जानबूझकर अनावश्यक नियमों का अनुपालन कर तकनीकी बीड का मूल्यांकन करके बार–बार निविदा रद्द करके विकास अवरूद्ध करने का प्रावधान नहीं होता है। निविदा के तकनीकी बीड के मूल्यांकन करते समय आवश्यक कोई भी कागजातों का तुरंत जांच कराया जाता है। भली भांति जाचोपरान्त संतुष्ट होकर तकनीकी बीड का मूल्यांकन | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | करने का प्रावधान होता है। अतः अनुरोध है कि मेरे द्वारा तकनीकी बीड में अपलोड Existing Commitment Ongoing को कार्य संबंधित विभाग द्वारा जाँचोपरान्त पुनः तकनीकी बीड का मूल्यांकन करके निविदा का निष्पादन करने का कृपा किया जाय। | | |
| 2. | M/s Mehandiya Construction Private Limited | उपरोक्त संबंध में कहना यह है कि पथ प्रमंडल, बक्सर इंजीनियरिंग कॉलेज के पहुँच पथ के उन्नयन कार्य वर्ष 2025–26 में हमारी कंपनी द्वारा निविदा डाला गया था। उपयुक्त निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन में Existing Commitment and Ongoing Works का Certificate Competent Authority से Counter Signed नहीं है, इस वजह से तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया है। इस संबंध में कहना है कि कई प्रमंडलों में कार्य चल रहे होने के कारण सभी प्रमंडल से सिमित समय में Existing Commitment and Ongoing Works का Certificate लेना संभव नहीं हो पाता है, इस वजह से अपने लेटर हेड पर Existing Commitment and Ongoing Works बना कर देते है, और सभी विभागों में यह मान्य भी है मेरे द्वारा जो | NIT की कंडिका–38 में अंकित किया गया है कि As per SBD Cl. ITB 4.7 "The Statements showing the value of existing commitments and ongoing works as well as the stipulated period of completion on remaining for each of the works listed should be countersigned by the Engineer in charge not below the rank of an Executive Engineer or equivalent" जिसके कारण Existing Commitment and Ongoing Works का Clarification की माँग नहीं की गयी है। अतः परिवाद के इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Existing Commitment and Ongoing Works दिया गया है उसका सत्यापन आप संबंधित विभाग द्वारा ईमेल के माध्यम से सत्यापन करा सकते है।<br>अतः श्रीमान् से अनुरोध है कि मेरे द्वारा तकनीकी बीड में अपलोड Existing Commitment Ongoing Works को संबंधित कार्य प्रमंडल द्वारा जाँच करा कर, पुनः तकनीकी बीड का मूल्यांकन कर निविदा निष्पादन का कृपा करें। | | |

6. परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–

परिवाद की समीक्षा के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त दिनांक–24.07.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गये निर्णय को यथावत् रखने की अनुशंसा की जाती है।

7. <u>परिवाद समिति का निर्णय</u> :–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) **Abhinash Kumar** के पत्रांक–शून्य दिनांक–26.07.2026 एवं (2) **M/s Mehandiya Construction Private Limited** के पत्रांक–शून्य दिनांक–27.07.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iii) उपभागीय ज्ञापांक–2475 दिनांक–24.07.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–24.07.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(iv) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

Kum 06/08/26 — 06/8/26 — 06/8/26 — 06/8/26

| (राजकुमार) | (राजेश कुमार गुप्ता) | (उमा कान्त रजक) | (उमा कान्त रजक) |
|---|---|---|---|
| मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–193/2025 5399 (E) पटना, दिनांक 7/8/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06/8/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।